>

Tiltle: Need to provide relief measures to the flood affected people in the country.

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से एक ऐसे महत्वपूर्ण विषय को पूरे सदन के संज्ञान में लाना चाहता हूं जिसकी व्यापकता किसी राज्य तक नहीं, बल्कि पूरे देश तक सीमित है।...(व्यवधान) आज जम्मू कश्मीर, हिमाचल से लेकर अरुणाचल में पिछले दिनों लगातार बारिश के कारण हिन्दुस्तान के तमाम मुखतलिफ राज्यों में बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई। पिछले दिनों पूर्वी उत्तर प्रदेश के बाराबंकी का चकसनी बाट कट गया। नेपाल की जलकुंडी करनाली नदियों के पानी के बैराज छोड़ने के कारण पूर्वी उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर, बहराइच, गिरी लखीमपुर, बाराबंकी, गोंडा के सैंकड़ों गांव जलमग्न हो गए, यहां तक कि पीलीभीत-बहराइच राजमार्ग भी। आज हिमाचल में बारिश के कारण व्यास नदी उफान पर है। कुल्लू-मनाली पूरा बाढ़ की चपेट में है। पंजाब के फिरोजपुर, सतलुज में बाढ़ की स्थिति है जिसके कारण जम्मू-फिरोजपुर रास्ता बंद है। यहां घटोवार साहब बैठे हुए हैं। असम, अरुणाचल प्रदेश में बाढ़ के कारण स्थिति खराब है। उत्तर प्रदेश में पिछले तीन दिनों में 28 लोगों की मौत हो गई। मैं समझता हूं कि इससे ज्यादा अत्यन्त लोक महत्व का विषय कोई और नहीं हो सकता। ...(व्यवधान) आज जब इन राज्यों में लगातार...(व्यवधान) आज असम में लखीमपुर खीरी डिस्ट्रिक्ट, डेमापुर डिस्ट्रिक्ट में सात लोगों की मौतें हो गई। अरुणाचल की बारिश के कारण उत्तर प्रदेश में लगातार गंगा यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है। घाघरा सरजू जिसके तटबंधों में कटान के कारण पूरा पूर्वी उत्तर प्रदेश...(व्यवधान) बिहार में कोसी नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण स्थिति खराब है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से इस महत्वपूर्ण विषय की तरफ सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं कि बाढ़ से प्रभावित लोगों को राहत कार्य दिए जाएं और जो तचबंध कट रहे हैं, उनकी रक्षा की जाए।...(व्यवधान)